जन हितैषी



# सोनगढ़ में साढ़े आठ इंच से ज्यादा बारिश के साथ राज्य के 123 तालुका में बारिश हुई

वडोदरा, गुजरात में लगातार दो दिनों की बारिश के बाद आज पूरे राज्य में एक बार फिर मेघराज का आगमन हो गया है. श्रावण के अंतिम दिन मेघराजा ने दक्षिण गुजरात के कई जिलों में धूम मचाने का आह्वान किया। राज्य के 123 तालुका में बारिश दर्ज की गई है. तापी के सोनगढ़ और व्यारा में साढ़े आठ इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। भरूच में महज दो घंटे में पांच इंच बारिश हो गई, जिससे कई सोसायटी और इलाकों में जलभराव हो गया.

आज प्रदेश के कई जिलों में सुबह से बारिश शुरू हो गई. हालांकि दोपहर बाद शुरू हुई बारिश में अहमदाबाद समेत दक्षिण गुजरात में अच्छी बारिश हुई है. आज रात 8 बजे तक राज्य के 123 तालुकाओं में बारिश की सूचना है। सबसे ज्यादा बारिश दक्षिण गुजरात के व्यारा और डांग जिलों में दर्ज की गई है. तापी के सोनगढ़ में 8.66 इंच, व्यारा में 8.27 इंच जबकि डांग के वघई में 7.64 इंच बारिश हुई। इसके अलावा पूरे जिले में तापी के उच्छल में 6.85 इंच और डोलवान में 6.57 इंच बारिश दर्ज की गई है.

नवसारी के वांसदा में 6.54 इंच, भरूच में 6.34 इंच, डांग के सुबीर में 5.87 इंच, अहवा में 4.33 इंच बारिश हुई। भरूच में महज दो घंटे में पांच इंच बारिश हो गई, जिससे कई सोसायटी और इलाकों में जलभराव हो गया. जिले में भारी बारिश और बारिश के रेड अलर्ट के कारण कल भरूच के सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

पिछले 24 घंटों में राज्य के 12 तालुकाओं में 3 इंच से लेकर साढ़े चार इंच तक बारिश हुई है. जबकि राज्य के 41 तालुकाओं में 1 से 2 इंच बारिश दर्ज की गई है. दक्षिण गुजरात में इस समय भारी बारिश हो रही है। नवसारी जिले के ऊपरी इलाकों में भारी बारिश के कारण जिले की पूर्णा, अंबिका और कावेरी नदियां घोड़ापूर्णी में बह गईं।

# 'दूर से राम-राम', 'कपड़ा उतारो...': वडोदरा में किट बांटने पहुंचे बीजेपी नेताओं को लोगों ने घेरा

वडोदरा, भारी बारिश वडोदरा मेंः अगस्त के अंत में राज्य में भारी बारिश के कारण वडोदरा समेत कई इलाकों में बाढ़ आ गई. तेवा में बाढ़ का पानी कम होने के बाद कुछ स्थानीय पार्टी और विपक्षी पार्टी के नेता शहर का दौरा कर रहे हैं, जिससे शहरवासियों में गुस्सा दिख रहा है, जब भाजपा के शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर वडोदरा के वाघोडिया रोड के पास सोमनाथ सोसायटी में अनाज किट बांटने गए, तो नेताओं का विरोध किया गया। पड़ोसी सोसायटी के निवासी.

वडोदरा में स्थानीय लोग शिक्षा मंत्री समेत नेताओं से नाराज हैं

वडोदरा में बाढ़ के हालात के बाद लोगों ने स्थानीय व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया. इस बीच, किसी भी बाढ़ प्रभावित इलाके में पहुंचने पर नेताओं का बहिष्कार किया जाता है, जब वडोदरा शहर के वाघोडिया रोड के पास सोमनाथ सोसायटी में अनाज किट बांटने पहुंचे कुछ स्थानीय लोगों ने कहा कि 'हमें किट नहीं, बल्कि जल निकासी की जरूरत है', तो बीजेपी समेत तमाम नेताओं ने हंगामा किया. शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया. उसमें स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ताओं और दंडक ने विरोध कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की. जिसमें एक स्थानीय ने कहा, 'हम सालों से बीजेपी के साथ हैं, लेकिन अब हमें बीजेपी से दूर रहना होगा।'

शिक्षा मंत्री ने क्या कहा?

इस बीच, शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा, 'मैं अभिनंदन यात्रा के लिए आया हूं, मैं बाढ़ की स्थिति के खिलाफ स्थानीय लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त कर रहा हूं. इसके साथ ही हमारी शिक्षा विभाग की टीम शहर में जल्द से जल्द शिक्षण कार्य शुरू करने के लिए काम कर रही है. इसके साथ ही बाढ़ के कारण नष्ट हुई किताबों का सर्वेक्षण कर किताबें मुहैया करायी जायेंगी.'

# वाहन लेकर निकलें तो रहें सावधान! गुजरात में बारिश के कारण कई सड़कें बंद हो गईं

वडोदरा, गुजरात में भारी बारिश के कारण सड़कें बंदः अगस्त के अंत में राज्य में भारी बारिश के कारण वडोदरा, पोरबंदर समेत इलाकों में बाढ़ के हालात बन गए. वहीं मूसलाधार बारिश के कारण कई इलाकों में पानी भर गया. राज्य में भारी से भारी बारिश के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ-साथ तबाही के कई मंजर पैदा हो गये. इस बीच राज्य की कई सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जबकि राज्य की 357 सड़कें, 2 नेशनल हाईवे, 21 स्टेट हाईवे समेत 305 पंचायत सड़कें बंद हैं. वहीं मौसम विभाग ने 7 सितंबर तक राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका जताई है.

वडोदरा में सड़क मरम्मत का काम शुरू

वडोदरा जिले में भारी बारिश के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़क निर्माण विभाग और पंचायत के तहत आने वाली 54 सड़कों की मरम्मत, री-सरफेसिंग और मेटलवर्क का कार्य किया गया है।

46 सड़कें बंद हैं

सड़क निर्माण पंचायत विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि वडोदरा जिले में बाढ़ प्रभावित पंचायतों के अंतर्गत 46 सड़कें बंद कर दी गई हैं. इसके साथ ही 42 सड़कों की मरम्मत, मेटल पैचवर्क, गड्ढे भरने आदि का कार्य किया गया है। जबकि जिले के करजन तालुका की तीन और पद्रा तालुका की एक सड़क बंद है।

# सड़क पर मोबाइल उपयोग करने वाले रहें सावधान, दो घंटों में बाइक सवार ने उड़ाए 8 मोबाइल

सूरत (ईएमएस) शहर के कतारगाम क्षेत्र में दो घंटे के भीतर एक बाइक शख्स ने 8 लोगों के मोबाइल उड़ा लिए। मोटर साइकिल चुराने के बाद शख्स ने मोबाइल झपटने की 8 घटनाओं को अंजाम दिया और फरार हो गया। घटना के शिकार लोगों की शिकायत मिलने पर हरकत में आई पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की। जानकारी के मुताबिक गत 30 अगस्त को सूरत के विभिन्न क्षेत्रों से दो घंटों के भीतर 8 लोगों के मोबाइल उड़ाकर बाइक सवार फरार हो गया। सड़क जो शख्स मोबाइल का उपयोग करता दिखा बाइक सवार उसका मोबाइल ले उड़ा। सूरत के कतारगाम में दो घंटों के भीतर 8 लोगों के मोबाइल झपटने की घटना से पुलिस भी चौंक उठी। घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और खंगालने लगी। सीसीटीवी से आरोपी पहचान हो गई और पुलिस ने उसे सूरत के कोसाड आवास से धरदबोचा। पुलिस ने 21 वर्षीय सुमित उर्फ गोलु मदनमोहन साहनी नामक शख्स को रु. 83 हजार कीमत के 8 मोबाइल गिरफ्तार कर लिए। सुमित के पास से बरामद हुई बाइक भी चोरी की होने का खुलासा हुआ है। मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के एक घंटे पहले ही सुमित ने सूरत के चौकबाजार के पंडोल क्षेत्र से चोरी की थी। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि सुमित पहले भी दो मामलों में पकड़ा जा चुका है।

# गुजरात में नारियल के बुवाई क्षेत्र व उत्पादन में लगातार वृद्धि, बुवाई क्षेत्र लगभग 4900 हेक्टेयर बढ़ा

गांधीनगर (ईएमएस) समग्र विश्व में 2 सितंबर को नारियल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नारियल में विद्यमान गुणों के प्रति लोगों को जागृत करने तथा रोजगार सहित विभिन्न उत्पादनों में नारियल के महत्व को समझाने के लिए इस विशेष दिन को मनाया जाता है। नारियल का सर्वाधिक उत्पादन व निर्यात करने वाले प्रथम पंक्ति के देशों में भारत का प्रमुख स्थान है। नारियल के उत्पादन व निर्यात में गुजरात अधिकतम् योगदान दे सके और नारियल की बुवाई से किसान अधिकतम् आय अर्जित कर सकें; ऐसे उम्दा उद्देश्य से मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली गुजरात सरकार नारियल विकास को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन दे रही है। कृषि मंत्री राघवजी पटेल ने नारियल दिवस के संदर्भ में कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में नारियल विकास की स्वर्णिम पगडंडी बनाई थी, जिसके फलस्वरूप गुजरात में नारियल का बुवाई क्षेत्र व उत्पादन लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले एक दशक में ही नारियल के बुवाई क्षेत्र में 4,900 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। वर्ष 2013-14 में नारियल का बुवाई क्षेत्र 21,633 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 25,561 हेक्टेयर तक पहुँचा है। हाल में गुजरात में कच्चे नारियल (त्रोफा) का वार्षिक उत्पादन 23.60 करोड़ यूनिट से अधिक है।

गुजरात में नारियल उत्पादन की संभावनाएँ अपार : कृषि मंत्री ने आगे कहा कि गुजरात देश का सबसे लंबा समुद्री तट वाला राज्य होने के कारण यहाँ नारियल उत्पादन की संभावनाएँ सबसे अधिक हैं। गुजरात के तटवर्ती जिलों में हाल में 45.61 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसे देखते हुए तटवर्ती जिलों में नारियल का बुवाई क्षेत्र 26 हजार हेक्टेयर से बढ़ कर 70 से 80 हजार हेक्टेयर पहुँचने की संभावना है। हाल में गुजरात में नारियल का उत्पादन मुख्य रूप से गीर सोमनाथ, जूनागढ, भावनगर, वलसाड, कच्छ, नवसारी एवं देवभूमि द्वारका जिलों में होता है। अन्य तटवर्ती जिलों में भी नारियल का उत्पादन बढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

वित्तीय सहायता से नारियल उत्पादन को मिलेगी गति : गुजरात में नारियल की खेती, उत्पादन तथा नारियल से जुड़े उद्योगों के एकीकृत विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने गत वर्ष 'गुजरात नारियल विकास कार्यक्रम' लागू किया था। इस कार्यक्रम के लिए राज्य सरकार ने चालू वर्ष में 438 लाख रुपए की बड़ी राशि का प्रावधान किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को नारियल बुवाई क्षेत्र के लिए जो खर्च हुआ हो, उसका 75 प्रतिशत अधिकतम् 37,500 रुपए प्रति हेक्टेयर की सीमा में सहायता दी जाती है।

इसके साथ ही; नारियल में एकीकृत पोषण व कीट प्रबंधन के लिए खर्च के 50 प्रतिशत के अनुसार अधिकतम् 5,000 रुपए प्रति हेक्टेयर की सीमा में सहायता दी जाती है। ये तमाम सहायता प्रति किसान अथवा प्रति खाता 4 हेक्टेयर की सीमा में सीधे किसान के बैंक खाते में चुकाई जाती है।

इसके अतिरिक्त; राज्य प्लान योजना अंतर्गत नारियल के प्लांटिंग मटीरियल्स के लिए भी खर्च का 90 प्रतिशत के अनुसार 13,000 रुपए प्रति हेक्टेयर की सीमा में किसानों को सहायता दी जाती है। राज्य सरकार के नारियल विकास क्षेत्र में सराहनीय कदम से गुजरात के नारियल उत्पादन में वृद्धि होगी।

ग्रीष्म ऋतु में नारियल की मांग सर्वाधिक : गुजरात में उत्पादित कुल नारियल में 20 प्रतिशत नारियल का कच्चे नारियल (त्रोफा) के रूप में, जबकि 45 प्रतिशत नारियल का पक्के नारियल के रूप में उत्पादन होता है। इसके अतिरिक्त; 5 प्रतिशत नारियल का किसान अपने लिए तथा बीज के लिए उत्पादन करते हैं। गुजरात में उत्पादित कुल नारियल में से लगभग 33 प्रतिशत नारियल का दिल्ली, पंजाब, हरियाणा एवं मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में निर्यात किया जाता है। बारह महीने मिलने वाले नारियल की मांग ग्रीष्म ऋतु यानी मार्च से जून महीनों के दौरान सर्वाधिक होती है।

नारियल के मूल्यवर्द्धन से भारी आय : भारतीय संस्कृति में कल्पवृक्ष समान नारियल को श्रीफल की उपाधि प्राप्त है। नारियल मनुष्य के स्वास्थ्यवर्द्धन में अनेक प्रकार से वरदान समान होने के कारण उसका मूल्यवर्द्धन भी किया जा रहा है। राज्य के कई किसान एवं कृषि इकाइयाँ नारियल से तेल, वर्जिन कोकोनोट ऑइल, नारियल का दूध, नारियल पानी के टेट्रापैक/बॉटल, कोकोनट कुकी, कोकोनट बर्फी, विनेगर, फ्लेक्स, चिप्स, ऑइल केक तथा नीरा आदि बना कर उसकी बिक्री कर भारी आय अर्जित कर रहे हैं।

# मुंबई के युवक ने परिचित विवाहिता के साथ किया दुष्कर्म, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जांच शुरू

सूरत (ईएमएस) शहर के उतराण क्षेत्र में रहनेवाली एक विवाहित महिला के साथ मुंबई के युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़िता का शादी के पहले से युवक के साथ परिचय था और इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ कभी होटल तो कभी रिसोर्ट में दुष्कर्म किया। आरोपी युवक की धमकियों से तंग आकर पीड़िता ने सूरत के उतराण पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। जानकारी के मुताबिक मुंबई में रहनेवाली युवती की मुंबई के मीरा रोड स्थित शांतिनगर सोसायटी निवासी प्रतीक अमरीश मोणपरा के साथ दोस्ती थी और अक्सर दोनों के बीच बातचीत होती रहती। हांलाकि बाद में युवती की शादी सूरत में होने से वह अपने पति के साथ सूरत के उतराण क्षेत्र में रहने लगी। युवती की शादी होने के बाद भी प्रतीक ने उसका पीछा नहीं छोड़ा और उससे कहा कि वह उसे प्यार करता है। प्रतीक ने विवाहिता से कहा कि पत्नी के साथ मनमुटाव चलता है और लड़ाई झगडे मानसिक रूप से परेशान करती है। अगर तुम मेरे साथ दोस्ती बरकरार रखोगी और बातचीत करती रहोगी तो मुझे मानसिक रूप से शांति मिलेगी तथा मेरा मन भी अपने व्यवसाय में लगा रहेगा। प्रतीक की बातों में आकर विवाहिता ने उसके साथ दोस्ती बरकरार रखी। हांलाकि बाद में प्रतीक कभी विवाहिता को रिसोर्ट में तो कभी होटल में बुलाने लगा और उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। इतना ही नहीं उसने विवाहिता के साथ वीडियो भी बनाए और उसे वायरल कर समाज में बदनाम करने की धमकी देने लगा। जिससे परेशान होकर विवाहिता ने प्रतीक के साथ भविष्य में कोई संबंध रखने से इंकार कर दिया। इस पर प्रतीक ने विवाहिता को उसके पति को दुर्घटना में मरवा देने की धमकी दी। प्रतीक की धमकियों से तंग आकर आखिरकार विवाहिता ने सूरत के उतराण पुलिस थाने में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

# गुजरात के 4 शहरों में 30 गंगनचुंबी इमारतों को मंजूरी, राज्य को मिला 1000 करोड़ का राजस्व

* अहमदाबाद में 25 गगनचुंबी इमारतें बनेंगी; सूरत और गांधीनगर में 2-2; वडोदरा में 1

* इनमें से 20 आवासीय, 7 कॉमर्शियल, 2 मिक्स-यूज़्ड और 1 सार्वजनिक भवन का होगा निर्माण

गांधीनगर (ईएमएस) आधुनिक विकास के युग में गगनचुंबी इमारतें अपनी विशेष पहचान रखती हैं, इसलिए इसे सेलिब्रेट करने के लिए हर साल 3 सितंबर को इंटरनेशनल स्कायस्क्रैपर डे मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात गगनचुंबी इमारतों के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि गुजरात अपनी विशेष स्कायस्क्रैपर पॉलिसी के बदौलत गुजरात ने पिछले कुछ सालों में स्कायस्क्रैपर प्रोजेक्ट्स से 1000 करोड़ रुपए का राजस्व हासिल करने में भी सफलता पाई है। आपको बता दें कि वर्ष 2017 तक, गुजरात में इमारतों के लिए अधिकतम 70 मीटर की ऊँचाई अनुमेय थी। शहरी विस्तार की आवश्यकता और वर्टिकल ग्रोथ की क्षमता को पहचानते हुए, राज्य सरकार ने नियमों को संशोधित कर इस दिशा में प्रगतिशील कदम उठाए हैं। राज्य सरकार की स्कायस्क्रैपर पॉलिसी के लागू होने के बाद राज्य में 100 मीटर से अधिक ऊँची प्रतिष्ठित संरचनाओं के निर्माण को प्रोत्साहन मिला है। 27 मई 2021 को लागू स्कायस्क्रैपर पॉलिसी ने अहमदाबाद, सूरत, राजकोट, वडोदरा और गांधीनगर जैसे प्रमुख शहरों में गगनचुंबी इमारतों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।

राज्य सरकार की यह नीति 5.4 के अधिकतम फ्लोर स्पेस इंडेक्स (इएघ) के साथ ऊंची इमारतों के निर्माण की मंजूरी देती है। बेस इएघ के अलावा प्रीमियम इएघ रेडी रेकनर दर के 50ङ पर उपलब्ध है, जो डेवलपर्स को वर्टिकल ग्रोथ में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इन नियमों के लागू होने के बाद से अहमदाबाद, सूरत, गांधीनगर और वडोदरा में 30 गगनचुंबी इमारतों को मंजूरी दी गई है। गुजरात की फाइनेंशियल टेक सिटी यानी गिफ्ट सिटी ने पहले ही दो गगनचुंबी इमारतों का निर्माण पूरा कर लिया है, और अन्य 10 निर्माणाधीन हैं। इन प्रोजेक्ट्स से गुजरात ने वर्टिकल डेवलपमेंट में महत्वपूर्ण राजस्व सृजन में सफलता हासिल की है। गुजरात ने स्थानीय निकायों के प्रीमियम इएघ के माध्यम से लगभग ?1000 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। राज्य के शहरी परिदृश्य को सुंदर बनाने वाली ऐसी कई परियोजनाएं इस वर्ष दिवाली से पहले पूरी होने की उम्मीद है। ये इमारतें न केवल ऊंचाई में नए रिकॉर्ड बना रही हैं, बल्कि इनमें मिवन फॉर्मवर्क, शियर वॉल और छत के स्तर पर स्काईवॉक जैसी उन्नत निर्माण तकनीकें भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्रावधान यह सुनिश्चित करता है कि ये विकास भविष्य के लिए तैयार हैं।

शहरी विकास और शहरी आवास विभाग के प्रधान सचिव अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर एक स्पेशल टेक्निकल कमेटी (एऊण) की स्थापना की गई है, जो ऊंची इमारत परियोजनाओं की व्यवहार्यता का आकलन करेगी। इस समिति में सॉयल मिकेनिकल, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, और फायर सर्विस के विशेषज्ञ शामिल हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि इन गगनचुंबी इमारतों में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बने। इनमें से कई गगनचुंबी इमारतों को हरित इमारतों के रूप में भी दर्जा दिया गया है, जो शहरी विकास में सततता में योगदान देती हैं और नए निर्माण के अंतर्गत होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम करती हैं।

गुजरात के स्कायलाइन में हो रहे ये परिवर्तन अहमदाबाद के सरखेज-गांधीनगर राजमार्ग जैसी प्रमुख सड़कों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहाँ कॉमर्शियल स्पेस डेवलपमेंट में उछाल देखा जा रहा है। अब उच्च इएघ उपलब्ध होने के साथ, यह क्षेत्र गगनचुंबी इमारतों का केंद्र बनने के लिए तैयार है, जो कुशल भूमि उपयोग और शहरी विकास सततता के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आज जब दुनिया इंटरनेशनल स्कायस्क्रैपर डे मना रही है तो ऐसे में गुजरात भी इस विशेष दिवस पर अपनी विशेष पहचान लिए खड़ा है। राज्य में हो रहे नए वर्टिकल डेवलपमेंट्स न केवल आवासीय और कॉमर्शियल स्पेस की बढ़ती मांग को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ये वास्तुकला विरासत में एक नया अध्याय लिखने के लिए मंच तैयार कर रहे हैं।

# दक्षिण मध्य रेलवे में भारी बारिश के कारण अहमदाबाद मण्डल की कुछ ट्रेनें प्रभावित

अहमदाबाद (ईएमएस) दक्षिण मध्य रेलवे में भारी बारिश के कारण रायनापाडु स्टेशन पर और विजयवाड़ा-निडढ़वोलु (ऊॅ) सेक्शन में जल भराव के चलते अहमदाबाद मंडल से चलने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

पूर्ण रूप से निरस्त ट्रेनें

1. 02 सितंबर 2024 की ट्रेन संख्या 12656 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-अहमदाबाद नवजीवन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

2. 3 सितंबर 2024 की ट्रेन संख्या 12655 अहमदाबाद-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल नवजीवन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

1. 01 सितंबर 2024 को अहमदाबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 12655 अहमदाबाद-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल नवजीवन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया जलगांव-भुसावल-मनमाड-वाडी के रास्ते चलेगी।

2. 01 सितंबर 2024 को गांधीधाम से चलने वाली ट्रेन संख्या 20804 गांधीधाम-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया वर्धा-नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़-रायगढ़-विजयनगरम के रास्ते चलेगी।

ट्रेनों के ठहराव के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# फिल्म उड़न छू की स्टारकास्ट बनी वडोदरा की मेहमान

वडोदरा : फिल्म 6 सितंबर 2024 को दुनिया भर में रिलीज हो रही है. यह फिल्म शादी की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में उतार-चढ़ाव, हंसी-आंसू और ऐसे उत्सवों के साथ आने वाले अनूठे अनुभवों को भी दिखाया जाएगा। हर कोई यह जानने को उत्सुक है कि परफेक्ट फैमिली एंटरटेनर में और क्या होगा। फिल्म में आरोही पटेल, आर्जव त्रिवेदी, देवेन भोजानी और प्राची शाह पंडया जैसे टॉप क्लास कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में फिल्म के कलाकारों ने वडोदरा का दौरा किया और फिल्म पर चर्चा की। हर स्टार कास्ट अपने किरदार से फिल्म में एक अलग स्वाद जोड़ता है। देवेन भोजानी हसमुख मेहता की भूमिका निभाते हैं, जबकि आरोही पटेल क्रिना मेहता की भूमिका निभाती हैं। फ़िरोज़ भगत दादा की भूमिका में और स्मित जोशी कुकू की भूमिका में नज़र आते हैं। प्राची शाह पंडया पंकोर पापड़वाला की भूमिका में गहराई और आकर्षण लाती हैं और आर्जव त्रिवेदी हार्दिक पापड़वाला की भूमिका निभाते हैं। सहायक कलाकारों में पिंटू मामा के रूप में जय उपाध्याय, जान्हवी के रूप में अलीशा प्रजापति और सैमी के रूप में नमन गोरे शामिल हैं, जो फिल्म की कहानी में योगदान देते हैं। हंसी और हार्दिक भावनाओं के बेहतरीन मिश्रण के साथ, उड़न छू पारिवारिक और कॉमेडी फिल्म प्रेमियों के लिए जरूर देखने लायक होगी। देवेन भोजानी, प्राची शाह पंडया, आर्जव त्रिवेदी, आरोही पटेल पहली बार साथ आ रहे हैं इसलिए फिल्म से काफी उम्मीदें हैं. 6 सितंबर, 2024 को रिलीज होने वाली इस फिल्म के साथ सिनेमाई यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हो जाइए, जो आपके चेहरे पर मुस्कान और खुशी लाने का वादा करती है।

# बटरफ्लाई गार्डन- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी : जहां आबाद है रंग बिरंगी तितलियों की सुंदर दुनिया

- 70 विभिन्न प्रजातियों की तितलियां बटरफ्लाई गार्डन को बनाती हैं एक अनोखा पर्यटन आकर्षण

- 10 एकड़ में फैले गार्डन में पराग कणों और मेजबान पौधों की 150 प्रजातियां हैं

गांधीनगर (ईएमएस) एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और उसके आसपास के स्थान आज दुनिया भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में नित नए पर्यटन आकर्षण विकसित किए जा रहे हैं, जो सैलानियों को एक सुखद यात्रा का अनुभव प्रदान करते हैं। मां नर्मदा के शांत तट पर पर्यटकों के लिए ऐसा ही एक आह्लादक पर्यटन स्थल विकसित किया गया है, बटरफ्लाई गार्डन! पर्यटक इस गार्डन में विभिन्न प्रजातियों की तितलियां देख सकते हैं। बटरफ्लाई गार्डन 10 एकड़ क्षेत्र में फैला है, जहां तितलियों की 70 प्रजातियों के अलावा पराग कणों और मेजबान पौधों की 150 प्रजातियां हैं। यह पराग कण और मेजबान पौधे तितलियों को पोषण देने के साथ ही उनके अंडे देने के लिए स्थान भी प्रदान करते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में गुजरात के एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' की स्थापना की गई है, जो दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। प्रधानमंत्री ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और उसके आसपास के परिसर को आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विजन दिया था, जो आज साकार हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शक नेतृत्व में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और पर्यटन प्रशासन प्राधिकरण एकता नगर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को देखने आने वाले पर्यटकों की सुविधा में वृद्धि करने और उनके अनुभव को यादगार बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है।

बटरफ्लाई गार्डन की विशेषताएं :-

पराग कण और मेजबान पौधे

तितलियों की प्रत्येक प्रजाति का अपना एक खास यजमान पौधा होता है। बटरफ्लाई गार्डन में मौजूद तितलियों की 70 से अधिक प्रजातियों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से 70 अलग-अलग मेजबान पौधे उगाये गए हैं। जैसे कि प्लेन टाइगर तितली अकरा नामक पौधे की ओर आकर्षित होती है, कॉमन क्रो नामक तितली कनेर के पौधे को पसंद करती है, उसी तरह लाइम बटरफ्लाई निंबोली के प्रति आकर्षित होती है।

तितलियों की विभिन्न प्रजातियां

बटरफ्लाई गार्डन में पर्यटकों को तितलियों की विभिन्न 70 प्रजातियां देखने को मिलती हैं, जिनमें कॉमन क्रो, प्लेन टाइगर, ब्लू टाइगर, स्ट्राइप्ड टाइगर, ग्लासी टाइगर, मोटल्ड इमिग्रेंट, लेमन पैंसी, चॉकलेट पैंसी, पिकॉक पैंसी, कॉमन रोज, क्रिमसन रोज, ब्लेक राजा, इंडियन जेजेबेल, एगफ्लाई, पेंटेड लेडी, प्लेन क्यूपिड, सनबीम, लाइम स्वेलोटेल, रेड हेलन, ब्लू मोरमोन, इवनिंग ब्राउन और रेड पेरोट जैसी प्रजातियां शामिल हैं।

तितलियों का जीवन चक्र

बटरफ्लाई गार्डन में पर्यटक तितलियों यानी पतंगों का पूरा जीवन चक्र देख सकते हैं। तितलियों का जीवन चक्र अंडे से शुरू होता है, जिसमें से कुछ ही समय बाद लार्वा (कैटरपिलर) बाहर निकलता है। बाहर निकलते ही लार्वा खाने की होड़ में लग जाता है तथा काफी तेजी से बढ़ता है और तितली में परिवर्तित होने के लिए तैयार हो जाता है। इसके बाद वह प्यूपा (क्रिसलिस) चरण से गुजरता है, यानी रक्षात्मक आवरण के अंदर एक उल्लेखनीय परिवर्तन से गुजरता है। लगभग 25 दिनों के बाद यह एक संपूर्ण तितली बनकर बाहर निकलता है।

तितली का जीवनकाल 2 से 4 सप्ताह का होता है, इस दौरान वह परागण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बटरफ्लाई गार्डन में 'घूघरा' और 'हाथी सूंडी' नामक दो विशिष्ट प्रकार के पौधे हैं, जो केवल नर तितलियों को ही आकर्षित करते हैं।

बटरफ्लाई गार्डन में फोटो पॉइंट

बटरफ्लाई गार्डन में सेल्फी पॉइंट, बटरफ्लाई लाइफ साइकिल और बटरफ्लाई गार्डन प्रवेशद्वार सहित कुल तीन फोटो पॉइंट हैं। पर्यटक इन तीनों पॉइंट्स पर फोटो खींचकर अपने यादगार अनुभवों को तस्वीरों में कैद कर सकते हैं।

# एचडीएफसी बैंक ने विदेश में अध्ययन करने के इच्छुक छात्रों के लिए ग्लोबल फिनटेक में एक एडटेक प्लेटफॉर्म लॉन्च किया

भारत के शीर्ष निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में अपने एडटेक प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की। जो विदेश में पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों के लिए पेमेंट गेटवे के रूप में काम करेगा। जो ऑफ़लाइन मोड से प्रेषण निधि (विदेश में किए गए शिक्षा प्रेषण भुगतान) को डिजिटल बनाने में मदद करेगा। एचडीएफसी बैंक छात्रों को विदेश के विश्वविद्यालयों में पैसा भेजने में सक्षम बनाने के लिए शैक्षिक सलाहकारों/एग्रीगेटरों के साथ साझेदारी करेगा। समाधान इन भागीदारों/सलाहकारों को डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करेगा और एचडीएफसी बैंक एडटेक प्लेटफॉर्म कनेक्शन के माध्यम से मौजूदा आरबीआई दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा। जिसकी मदद से छात्रों को सुविधा मिलने के साथ-साथ पेमेंट ड्रॉप-ऑफ अनुपात में भी कमी आएगी। विदेश मंत्रालय द्वारा दिए गए एक अनुमान के अनुसार, 13 लाख से अधिक भारतीय छात्रों के शैक्षिक उद्देश्यों के लिए विदेश जाने की उम्मीद है। भारत में सभी बैंक सामूहिक रूप से 3.5 बिलियन डॉलर मूल्य का लेनदेन संभालते हैं। जो कुल उदारीकृत प्रेषण सेवाओं का 11 प्रतिशत है। शैक्षिक सलाहकारों और एग्रीगेटरों द्वारा इस क्षेत्र में आकर्षक वृद्धि दर्ज करने की संभावना है। वे बड़ी संख्या में अध्ययन के लिए विदेश जाने वाले छात्रों को संपूर्ण सेवाएँ प्रदान करते हैं। इस संबंध में रिटेल ट्रेड और फॉरेक्स-बिजनेस के प्रमुख और एचडीएफसी बैंक के ईवीपी श्री जतिंदर गुप्ता ने कहा, ''हम विदेश में पढ़ने के इच्छुक छात्रों के लिए भुगतान समाधान के रूप में एक नया एडटेक प्लेटफॉर्म लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। जो उनकी यात्रा को तेज और आसान बनाने में मदद करेगा. यह सेवा एचडीएफसी बैंक के ग्राहक केंद्रित फोकस और ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं के अनुसार सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में लॉन्च की गई है।''

# टाटा एआईजी मोटर इंश्योरेंस के साथ मानसून में अपने वाहन की सुरक्षा करें

अहमदाबाद, भारत, 02 सितंबर, 2024ः भारत का अग्रणी बीमा प्रदाता टाटा एआईजी मानसून के मौसम के दौरान वाहनों की सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किए गए व्यापक मोटर बीमा समाधान प्रदान करता है। मानसून की शुरुआत के साथ, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वाहन मालिकों को पानी से संबंधित खतरों का सामना करना पड़ता है। टाटा एआईजी की मोटर बीमा पॉलिसी इन मौसमी चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यापक कवरेज और सेवाएं प्रदान करके मानसिक शांति सुनिश्चित करती है।

मानसून के खतरों के खिलाफ व्यापक सुरक्षा में निम्नलिखित शामिल हैंः

इंजन सुरक्षितः आपकी कार के इंजन को मानसून और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण पानी से होने वाले नुकसान से बचाता है। कांच, फाइबर, प्लास्टिक और रबर भागों की मरम्मतः पूरे हिस्से को बदले बिना मामूली क्षति की मरम्मत की जा सकती है, इसलिए आपका नो क्लेम बोनस (एनसीबी) सुरक्षित रहेगा।

मूल्यह्रास मुआवजा कवरः मूल्यह्रास में कटौती किए बिना भागों का पूर्ण कवरेज महत्वपूर्ण बचत और व्यापक सुरक्षा प्रदान करता है। इलेक्ट्रिक सर्ज सिक्योरः आर्किंग, सेल्फ-हीटिंग, बिजली रिसाव या शॉर्ट-सर्किट, साथ ही पानी के कारण होने वाले इलेक्ट्रिक वाहन क्षति को कवर करता है।

एनसीबी सुरक्षा कवरः कोई भी आपके एनसीबी को प्रभावित किए बिना दावा कर सकता है, जो प्रीमियम नवीनीकरण पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करता है।

टोइंग और ऑन-रोड मरम्मतः यदि आपकी कार ख़राब हो जाती है तो निःशुल्क टोइंग और मरम्मत सेवाएँ उपलब्ध हैं। रोड साइड असिस्टेंस (आरएसए) कॉल पर मदद सुनिश्चित करता है। 10,000 से अधिक गैरेज का व्यापक नेटवर्कः कई स्थानों पर मरम्मत सेवाओं तक पहुंच, डाउनटाइम और असुविधा को कम करना। 99 प्रतिशत दावा निपटान अनुपातः विश्वसनीय और तेज़ दावा प्रसंस्करण किसी घटना के बाद त्वरित वसूली सुनिश्चित करता है। आसान और तेज़ पॉलिसी जारी करनाः पॉलिसी केवल तीन चरणों में जारी की जाती है, जिससे प्रक्रिया सरल और परेशानी मुक्त हो जाती है। 247 सहायताः किसी भी प्रश्न या आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए एक समर्पित सहायता टीम उपलब्ध है, ताकि निर्बाध ग्राहक सेवा प्रदान की जा सके।

टाटा एआईजी के वरिष्ठ ईवीपी और ऑटो और एक्चुरियल एनालिटिक्स के प्रमुख नील खेड़ा ने कहा, ''टाटा एआईजी विशेष रूप से मानसून के मौसम के दौरान बाढ़-प्रवण क्षेत्रों में चुनौतियों को पहचानता है। हमारे मोटर बीमा समाधान व्यापक सुरक्षा और सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे ग्राहक आत्मविश्वास और मानसिक शांति के साथ सीज़न में आगे बढ़ सकें।

पिछले वर्ष एक करोड़ से अधिक पॉलिसियां जारी करने और शुरुआत से पांच करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के साथ, टाटा एआईजी मोटर बीमा उद्योग में विश्वसनीय नेतृत्व प्रदर्शित करता है।

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोनः 079-22921482 Mob.9375504122 , 9327086467 R.N.I. 63177/ 95